शीर्ष प्राथमिकता/महत्वपूर्ण

पत्रांक: 02/2019 / आर0जी0- **885** /दस-2019-106(03)/2019

प्रेषक,

राजेन्द्र कुमार तिवारी,
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव/सचिव,
वाणिज्य-कर/आबकारी/स्टाम्प तथा निबन्धन/परिवहन/
ऊर्जा/ भूतत्व एवं खनिकर्म/ कृषि विपणन विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन ।

वित्त संसाधन(सामान्य)अनुभाग लखनऊ: दिनांक: 16 सितम्बर, **2019**

विषय: वित्तीय वर्ष 2019- 20 हेतु कर-करेत्तर राजस्व प्राप्तियों की समीक्षा के सम्बन्ध में ।

महोदय,

प्रदेश का सामाजिक एवं आर्थिक विकास सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से क्रियान्वित की जा रही विभिन्न विकास एवं जनापयोगी योजनाओं के वित्त पोषण हेतु संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है।

2. राज्य सरकार वित्तीय संसाधनों को बढ़ाये जाने हेतु कृत संकल्प है। वित्तीय वर्ष 2019-20 हेतु आपके विभाग के लक्ष्य निर्धारित हैं, जिसकी प्राप्ति हेतु आपको समय-समय मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा निर्देशित किया जाता रहा है। उक्त के क्रम में मा0 वित्त मंत्री जी द्वारा निर्देशित किया गया है कि राजस्व अर्जन करने वाले विभागों के स्तर पर प्राप्तियों की साप्ताहिक समीक्षा की जानी चाहिए । प्राप्तियों की स्थिति की गहन समीक्षा कर राजस्व में वृद्धि लाये जाने हेतु सभी सम्भव प्रयास किये जाये, जिससे निर्धारित वार्षिक लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित की जा सके ।

अत: आपसे अपेक्षा की जाती है कि उपरोक्तानुसार अपने विभाग की प्राप्तियों की समीक्षा कर प्रत्येक माह की 5 तारीख तक वित्त विभाग को अवगत कराना सुनिश्चित करें ।

भवदीय,

(राजेन्द्र कुमार तिवारी)
मुख्य सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in